SUDS JAIN का वक्तव्य,

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 6**

व्यवसाय:सेवानिवृत्त इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर

आयु: 54

शिक्षा एवं योग्यता:

सैंटा क्लारा एक दोराहे पर खड़ा है। हम किस प्रकार से विकास करना चाहते हैं? दो परियोजनाओं को हाल ही में स्वीकृति दी गई है जिससे रोज 40,000 नए श्रमिकों को लाया जाएगा। अन्य 18,000 हाउसिंग यूनिट की योजना बनाई जा रही है। निर्वाचित होने पर, मैं इस बात पर जोर दूंगा कि डेवलपर हमारे जीवन की गुणवत्ता को अधिक प्रभावित करने के लिए भुगतान करें। मैं योजनाकर्ताओं और यातायात इंजीनियरों के लिए अधिक वकालत करूँगा। मैं measure J के साथ असहमत हूँ लेकिन 49er भागीदारी को हर संभव रूप से सफल बनाने की कोशिश करूँगा।

मैं प्लानिंग कमीश्नर के रूप में कार्यरत हूँ और अधिकांश काउंसिल मीटिंग्स में भाग लेता हूँ इसलिए मुझे सैंटा क्लारा की मुद्दों के बारे में अच्छी तरह से पता है। मैंने योजना आयोग की मीटिंग्स का विडियो भी बनवाने के लिए काम किया है। MIT से BS और MS डिग्री के साथ, मैं शोध और डेटा के आधार पर अपने निर्णय लेता हूँ। आप्रवासियों की संतान होने के नाते, मैं शिक्षा, कठिन श्रम और वित्तीय जिम्मेदारी को महत्व देता हूँ। मैंने सरकारी स्कूलों में बीजगणित और जलवायु परिवर्तन विज्ञान विषय के बारे में पढ़ाया है और विलकॉक्स हाई रोबोटिक्स टीम का सह-संस्थापक हूँ।

मैं UC प्रमाणपत्र प्राप्त मास्टर गार्डनर हूँ और मैंने अपने समुदाय के पहले गार्डन/बगीचे के अनुमोदन के लिए बहुत मेहनत की है।

मैं PACS, यूनियनों या कारपोरेशनों से किसी भी प्रकार का चंदा नहीं ले रहा हूँ। मैं सैंटा क्लारा की मजबूत, स्वतंत्र/निर्भीक आवाज बनूँगा। सेवानिवृत्त होने के कारण मेरे पास सेवा करने के लिए समय, प्रतिबद्धता और ऊर्जा है।

sudsjain4council.com